# महाशिवरात्रि के महाकुम्भ में उमड़ा आस्था का सैलाब

60 देशों के लोगों ने अज्ञान अंधकार मिटाने का लिया संकल्प

आबू रोड, 12 फरवरी, निसं। ज्ञान की किरणों से सराबोर भावनाओं के संगम में जब 74 वे महाशिवरात्रि के पर्व के अवसर भावनाओं के सैलाब को समेटे हुए शिवध्वज को ब्रह्माकुमारीज संस्था की मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी जानकी जी, अतिरिक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी ह्दयमोहिनी ने शांतिवन परिसर में फहराया तो देश के कोने-कोने से आये मेहमानों की करतल ध्वनि, पुष्प पत्तियों की बरसात और शिवध्वज लहराते हजारों हाथ आज भोलेनाथ शिव के मस्ती में मस्त सुन्दर छटा बिखेर रहे थे।

प्रात: काल शिवध्वजा रोहण की गरिमा बढ़ाते हुए रंग बिरंगे गुब्बारे जब छोड़े गये तो इनसे बंधे शिव ध्वज भी आकाश छूने को लालायित नजर आ रहे थे। ये गुब्बारे संस्था से जुड़े नौ लाखों सदस्यों के ह्दयों की भावनाओं के प्रतीक बन गये। ध्वजारोहण के पश्चात अपने सम्बोधन ने राजयोगिनी दादी जानकी ने इसी वातावरण को शब्द देते हुए कहा कि पूरे विश्व में फैले लाखों लोगों के दिल में खुशी के झंडे लहरा रहे हैं। इसके साथ संस्था की संयुक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी, संस्था के महासचिव ब्र0 कु0 निर्वेर, ब्र0 कु0 रमेश, दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव राकेश मेहता, एनई तथा हमार टीवी के ग्रुप डायरेक्टर रामा राजू, मीडिया प्रवक्ता ब्र0 कु0 करूणा, संस्था के कार्यकारी सचिव ब्र0 कु0 मृत्युंजय, शांतिवन प्रबन्धक ब्र0 कु0 भूपाल ने जब अपनी भावनाओं के पुष्प अर्पित किया तो सारा माहौल अध्यात्मय हो गया।

चालीस फीट लम्बे गुब्बारे से बने शिवलिंग की छटा के बीच उपस्थित शिववंशों को सम्बोधित करते हुए दादी ने कहा कि महाशिवजयन्ति के अवसर पर हम सभी को मन के तम को दूर करने के लिए अपनी बुराईयों को अर्पित करें तो हमारा जीवन देवत्व की ओर अग्रसर होगा। पूरे दुनियां में अज्ञानता का अंधकार फैलता जा रहा है। ऐसे अवसर पर शिवरात्रि पर अपने बुराईयों को अर्पित करें तथा परमात्मा से शक्ति प्राप्त करें।

अतिरिक्त मुख्य प्रशासिका दादी ह्दयमोहिनी ने कहा कि परमात्म अवतरण का संदेश पूरे दुनियां की सभी आत्माओं को मिलना चाहिए। इससे सभी के अन्दर एकता और भाईचारा प्यार का संदेश प्रसारित होगा। इसके साथ दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव राकेश मेहता ने कहा कि यदि ओम शांति का अनहद गीत बजता रहे तो पूरे दुनियां में अमन चैन का साम्राज्य स्थापित होगा।

फोटो, 12एबीआरओपी, 1, 2, 3, 4 महाशिवजयन्ति के अवसर पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, शिवध्वजारोहरण करते अतिथि।